भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2100
उत्तर देने की तारीख 18.12.2025

संग्रहालयों का आधुनिकीकरण

2100. **डा. भगवत कराड़ :**
श्री केसरीदेवसिंह झाला :
श्री मदन राठौड़ :
डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी :
श्री एस. सेल्वागनबेथी :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में, विशेष रूप से छत्रपति संभाजीनगर में, नए संग्रहालयों, दीर्घाओं और अनुभवात्मक स्थलों की स्थापना में क्या प्रगति हुई है;
(ख) मौजूदा संग्रहालयों के आधुनिकीकरण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और देश भर में, विशेष रूप से उक्त शहर में, क्षेत्रीय संग्रहालयों को क्या सहायता प्रदान की गई है;
(ग) देश भर में, विशेष रूप से छत्रपति संभाजीनगर में, संग्रहालयों और सांस्कृतिक संस्थानों के साथ जनता के जुड़ाव को बढ़ाने में राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक आयोजनों का क्या प्रभाव पड़ा है; और
(घ) इन संग्रहालय संबंधी पहलों से किस प्रकार सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने, रचनात्मक अर्थव्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और राष्ट्रीय स्तर पर, विशेष रूप से उक्त शहर में, देश की सांस्कृतिक विरासत तक जनता की पहुंच का विस्तार होने की उम्मीद है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): संस्कृति मंत्रालय, संग्रहालय अनुदान स्कीम का संचालन करता है, जिसके अंतर्गत नए संग्रहालयों की स्थापना, केंद्र/राज्य सरकारों, सोसाइटियों, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों, सोसायटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत न्यासों द्वारा प्रबंधित संग्रहालयों में दीर्घाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की

जाती है। विगत पांच वर्षों में संग्रहालय अनुदान स्कीम के तहत स्थापित नए संग्रहालयों का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

हाल ही में, लाल किला, नई दिल्ली में दो नई दीर्घाओं की स्थापना की गई अर्थात (i) शस्त्र और कवच गैलरी और (ii) एयर इंडिया कला संग्रह गैलरी

इसके अतिरिक्त, विगत वर्षों में, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने देश भर में अनेक पुरातत्व स्थल संग्रहालयों का निर्माण और विकास किया है। नए संग्रहालयों, दीर्घाओं, विकसित अनुभवात्मक स्थलों की सूची **अनुलग्नक-II** पर संलग्न है, तथापि, वर्तमान में, विशेषकर छत्रपति संभाजी नगर में, नए पुरातत्व स्थल संग्रहालयों, दीर्घाओं और अनुभवात्मक स्थलों की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा देश भर में मौजूद पुरातत्व स्थल संग्रहालयों का वार्षिक रूप से रखरखाव और आवधिक रूप से स्तरोन्नयन किया जाता है।

(ग) और (घ): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने बड़े पैमाने की प्रदर्शनियों, विश्व धरोहर दिवस, विश्व विरासत सप्ताह, आईसीओएम अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस और अन्य राष्ट्रीय समारोहों के आयोजन के माध्यम से सांस्कृतिक संस्थानों के साथ सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा दिया है।

ये पहलें देश की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करते हुए दृश्यता में सुधार करती हैं, आउटरीच कार्यकलापों में सहायता करती हैं और व्यापक स्तर पर जनहित का भाव उत्पन्न करती हैं।

*****

अनुलग्नक-I

'संग्रहालयों का आधुनिकीकरण' के संबंध में दिनांक 18 दिसम्बर, 2025 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2100 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत पांच वर्षों और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत नए संग्रहालयों की स्थापना/संस्थापना के लिए जारी की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा

(रुपए लाख में)

क्र. सं.	राज्य	जिला	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	वित्तीय वर्ष : 2020-21	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24	वित्तीय वर्ष: 2024-25	वित्तीय वर्ष: 2025-26	प्रगति
1.	आंध्र प्रदेश	अनंतपुर	आंध्र प्रदेश सरकार, पद्मश्री कल्लूरी सुब्बाराव मेमोरियल जिला पुरातत्व संग्रहालय अनंतपुर	राज्य सरकार	-	-	-	286.00	-	-	पूरी हो गई है।
2.		विशाखापट नम	आंध्र प्रदेश विज्ञान शहर, आंध्र प्रदेश सरकार, कैलासगिरि (डोवरी कोंडा), विशाखापटनम, आंध्र प्रदेश		-	-	58.467	-	-	129.132	जारी परियोजना
3.	अरुणाचल प्रदेश	जिरो	सांस्कृतिक कार्य विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार, जिला संग्रहालय, जीरो, अरुणाचल प्रदेश	राज्य सरकार	-	-	-	-	21.698	338.301	जारी परियोजना
4.	गुजरात	राजकोट	राजकोट राज्य प्रतिष्ठान, रजित विल्लास पैलेस, पैलेस रोड, राजकोट, गुजरात	एनजीओ	250.00	-	125.00	125.00	-	-	पूरी हो गई है।
5.	कर्नाटक	शिवमोगा	शिवप्पा नायक संग्रहालय एवं अनुसंधान ब्यूरो, श्री बेक्किनाकलमठ, शिवमोगा, कर्नाटक	एनजीओ	-	-	75.00	-	-	-	जारी परियोजना
6.	**केरल**	तिरुवनंतपुरम	गैलेक्सी, करुणासाई रोड, वेल्लानाड, पी.ओ. त्रिवेन्द्रम, तिरुवनंतपुरम	एनजीओ	50.00	50.00	-	-	-	-	पूरी हो गई है।
7.	लेह लद्दाख	लेह	डेसकिड सांस्कृतिक एवं कल्याण सोसाइटी, डेसकिड गोनपा, लद्दाख	एनजीओ	-	-	108.76	-	-	-	जारी परियोजना
8.	मध्य प्रदेश	विदिषा	स्थानीय पुरातत्व संग्रहालय, सिरोंज, विदिशा, मध्य प्रदेश विरासत विकास न्यास, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, बाणगंगा रोड,	राज्य सरकार	-	-	22.90	-	-	22.92	जारी परियोजना

क्र. सं.	राज्य	जिला	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	वित्तीय वर्ष : 2020-21	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24	वित्तीय वर्ष: 2024-25	वित्तीय वर्ष: 2025-26	प्रगति
			भोपाल								
9.	मणिपुर	इम्फाल	राज्य पुरातत्व, मणिपुर सरकार, इम्फाल, मणिपुर	राज्य सरकार	-	-	-	108.87	-	-	जारी परियोजना
10.		थूबल	खोंगजोम समर स्मारक न्यास, खोंगजोम बाजार, खोंगजोम पुलिस थाने के सामने, जिला थूबल, मणिपुर	एनजीओ	250.00	-	-	125.00	-	-	जारी परियोजना
11.		चंदेल	एनालोन क्रिश्चियन डेवलपमेंट कमेटी (एसीडीसी), चंदेल, मणिपुर		-	-	-	224.58	-	112.299	जारी परियोजना
12.	मिजोरम	लुंगलेई	जिला संग्रहालय, लुंगलेई, निदेशक कला एवं संस्कृति विभाग, चानमारी, आइजोल	एनजीओ	-	206.80	-	206.807	-	-	पूरी हो गई है।
13.		लोंगताई	जनजातीय संग्रहालय, कमलनगर, चकमा स्वायत्त जिला परिषद, कमलनगर, मिजोरम	स्वायत्त निकाय	-	-	-	-	-	225.00	जारी परियोजना
14.		सियाहा	क्षेत्रीय संग्रहालय, सियाहा कला एवं संस्कृति विभाग, मिजोरम सरकार	राज्य सरकार	-	-	-	-	-	450.65	जारी परियोजना
15.	नागालैंड	कोहिमा	नागा पारंपरिक संग्रहालय, खेल, कोहिमा ग्राम, कोहिमा	एनजीओ	25.00	-	-	-	-	-	पूरी हो गई है।
16.		त्यूसांग	त्सारू में संग्रहालय, त्यूसांग, कला एवं संस्कृति निदेशालय, कोहिमा, नागालैंड	राज्य सरकार	306.21	-	-	-	-	-	पूरी हो गई है।
17.	ओडिशा	भुवनेश्वर	जे. डी. सेंटर ऑफ आर्ट, वीआईपी कॉलोनी, नयापल्ली, भुवनेश्वर	एनजीओ	-	-	-	35.352	57.887	-	जारी परियोजना
18.	पंजाब	पटियाला	पंजाब राज्य नागर विमानन परिषद, पटियाला सिविल एयरोड्रोम, संगरूर रोड, पटियाला, पंजाब	सरकारी संगठन	-	250.00	-	-	-	-	जारी परियोजना
19.	राजस्थान	उदयपुर	वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति, उदयपुर, राजस्थान	एनजीओ	-	112.50	-	-	-	-	जारी परियोजना

क्र. सं.	राज्य	जिला	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	वित्तीय वर्ष : 2020-21	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24	वित्तीय वर्ष: 2024-25	वित्तीय वर्ष: 2025-26	प्रगति
20.		जैसलमेर	श्री गिरधर स्मारक धर्मार्थ न्यास ट्रस्ट (श्री गिरधर स्मारक ट्रस्ट) किंग्स पैलेस, जैसलमेर किला पैलेस संग्रहालय, जैसलमेर		250.00	-	-	-	-	-	जारी परियोजना
21.	तेलंगाना	हैदराबाद	सालार जंग संग्रहालय, हैदराबाद, तेलंगाना	संस्कृति मंत्रालय का स्वायत्त निकाय	-	-	-	33.00	-	-	पूरी हो गई है।
22.	उत्तर प्रदेश	शाहजहांपुर	शाहजहांपुर स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय, कैंटोनमेंट बोर्ड कार्यालय, करियप्पा, शाहजहांपुर	सरकारी संगठन	98.932	100.036	-	-	-	-	पूरी हो गई है।
23.		लखनऊ	भारत साक्षरता बोर्ड, साक्षरता सदन, कानपुर पुर रोड, लखनऊ	एनजीओ	-	250.00	-	-	-	125.00	जारी परियोजना
24.		वाराणसी	संत रविदास संग्रहालय, सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी संग्रहालय निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार	राज्य सरकार	-	-	-	-	-	500.00	जारी परियोजना
25.	पश्चिम बंगाल	नॉर्थ 24 परगना	महानिदेशालय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) (पूर्वी कमान), कोलकाता	सरकार	-	324.35	-	154.839	-	7.335	जारी परियोजना

अनुलग्नक-II

'संग्रहालयों का आधुनिकीकरण' के संबंध में दिनांक 18 दिसम्बर, 2025 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2100 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा अनुरक्षित नए संग्रहालयों और प्रदर्शनियों की सूची:

क्र. सं.	**पुरातत्व संग्रहालय का नाम**	**राज्य**	**जिस वर्ष खोला गया**
1.	पुरातत्व स्थल संग्रहालय, पिपरहवा (कपिलवस्तु)	उत्तर प्रदेश	2016
2.	पुरातत्व स्थल संग्रहालय, शिवपुरी	मध्य प्रदेश	2017
3.	पुरातत्व स्थल संग्रहालय, ललितगिरि	ओडिशा	2019
4.	'1857- भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम', लाल किला, दिल्ली	दिल्ली	2019
5.	'याद-ए-जलियां', बी2 कोलोनियल बिल्डिंग, लाल किला, दिल्ली	दिल्ली	2019
6.	'नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और आईएनए', लाल किला, दिल्ली	दिल्ली	2019
7.	आभासी अनुभवजन्य संग्रहालय, मान महल, वाराणसी	उत्तर प्रदेश	2019
8.	'आज़ादी-के-दीवाने', लाल किला, दिल्ली	दिल्ली	2019
9.	'ज़ब्त और पुनः प्राप्त प्राचीन वस्तुओं की गैलरी', पुराना किला	दिल्ली	2019
10.	'महात्मा गांधी संग्रहालय', आगा खान पैलेस, पुणे	महाराष्ट्र	2019
11.	हुमायूं का मकबरा विश्व धरोहर स्थल संग्रहालय	दिल्ली	2024
क्र. सं.	**प्रदर्शनी का नाम**	**राज्य**	**प्रदर्शनी लगाए जाने का वर्ष**
1.	'आमी कोलकाता', मेटकॉफ हॉल, कोलकाता	पश्चिम बंगाल	2019
2.	नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पर पराक्रम दिवस प्रदर्शनी	ओडिशा	2025
3.	अविरल शाश्वत कुम्भ, कलाग्राम, महाकुंभ, प्रयागराज	उत्तर प्रदेश	2025

****